तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री

न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि

# बेमेतरा भूमि

रायपुर, बुधवार 18 जून 2025

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट



10 भरदा कोनारी एनीकट से मरोदा जलाशय प्रोजेक्ट 70 फीसदी पूर्ण



12 साप्ताहिक समय-सीमा बैठक में कलेक्टर ...





# स्कूबीस एजुकेशन का NEET-JEE में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन

वर्ष 2025 की बोर्ड परीक्षाओं में संस्था की अयाती बिजुरिया ने XII-CBSE में 98.2% प्राप्त कर संपूर्ण छत्तीसगढ़ में द्वितीय स्थान प्राप्त किया, सिमोन बगारिया ने XII में 96.8% तथा NEET 2025 में 602 अंक प्राप्त कर छत्तीसगढ़ में तीसरा तथा ऑल इंडिया रैंक 1239 प्राप्त किया। JEE में सफल हुए विशाल, पुष्पांजली और 11 अन्य के साथ साथ, नीट 2025 में नमन, भूमि साहू, मीनाक्षी ध्रुव, आस्था, वीणा साहू सहित 27 विद्यार्थी चयनित हो चुके है। सलीम सर के फिजिक्स अध्यापन से



सैंकडो विद्यार्थी लाभन्वित हो चुके है। अब हमारी टीम में डॉ. रवि देशमुख (बॉयोलॉजी) तथा रोहित निरंजन (केमिस्ट्री) भी अध्यापन करा रहे है।

छत्तीसगढ़ की सर्वश्रेष्ठ अध्यापन टीम।

ड्रॉपर बैचस हिन्दी व अंग्रेजी मीडियम में प्रवेश प्रारंभ है।

Shop-254, Sector-10, Zonal Mkt, Sec-10, Bhilai, C.G
Mob. : 9425566777, 9039800929

Advt.


## खबर संक्षेप

### श्रद्धा और उल्लास से मनेगा मां शीतला जुड़वास उत्सव

**देवकर।** नगर में मां शीतला जुड़वास का कार्यक्रम हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी धूमधाम से मनाया जाएगा.जिसमें 19 जून गुरुवार सुबह 8 बजे - माता शीतला का पूजा पाठ श्रृंगार एवं हवन पूजन (पं. श्रवण पाण्डेय द्वारा) सुबह 9 बजे से कलश यात्रा (सांग बाबा ग्रुप देवकर,जय मां कालिका ग्रुप मोरिद (भिलाई -3) की प्रस्तुति) प्रसिद्ध जाने माने 3 स्टार धुमाल नागपुर के साथ नगर भ्रमण करेगा। दोपहर 2 बजे से भंडारा दोपहर 3 बजे से नगर के सेवा भजन पार्टी,शाम 6 बजे से जय मां आरुषि शीतला बालिका जस परिवार गोड़री अर्जुनी, जिला राजनांदगांव की प्रस्तुति है।



### मत्स्याखेट पर 15 अगस्त तक प्रतिबंधित

**बेमेतरा।** वर्षा ऋतु में मछलियों के प्रजनन काल को देखते हुए जिले में सोमवार 16 जून से मत्स्याखेट पर पूर्णतः प्रतिबंध लगा दिया है। यह प्रतिबंध 15 अगस्त2025 तक जारी रहेगा। ज़िला मत्स्य पालन विभाग के अनुसार, सभी नदी तालाब मत्स्योद्योग अधिनियम के प्रावधान के तहत यह प्रतिबंध लगाया है। जिले की समस्त नदियों, नालों तथा छोटी नदियों, सहायक नदियों में जिन पर सिंचाई के तालाब, जलाशय (बड़े या छोटे) निर्मित किए गए हैं, उनमें किये जा रहे केज कल्चर के अतिरिक्त सभी प्रकार का मत्स्याखेट पूर्णतः निषिद्ध रहेगा। यह प्रतिबंध छोटे तालाब या अन्य जल स्त्रोत जिनका संबंध किसी नदी नाले से नहीं है, के अतिरिक्त जलाशयों में किये जा रहे केज कल्चर में लागू नहीं होंगे।

### प्राथमिक शाला साल्हेपुर में मनाया गया प्रवेशोत्सव

**बेमेतरा।** विकासखंड बेरला के अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला साल्हेपुर में नवप्रवेशी विद्यार्थियों को गुलाल से तिलक लगाकर, उन्हें गणवेश प्रदान कर, एवं विद्यार्थियों का मुंह मीठा कराकर शाला में स्वागत किया और उन्हें शाला में प्रवेश दिलाया गया। प्रधान पाठिका अंबालिका पटेल ने इस दौरान बच्चों को शाला के बारे में जानकारी दी और उन्हें शाला के नियमों और अनुशासन के पालन करने को शिक्षा दी। प्रधान पाठक ने कहा कि प्रवेशोत्सव का उद्देश्य नवप्रवेशी विद्यार्थियों को शाला में स्वागत कराना और उन्हें शाला के वातावरण में सहज महसूस कराना है। इस अवसर पर शाला में शाला के शिक्षक डांगेंद्र निषाद, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष संतोष गुप्ता, उत्तम कुमार गुप्ता, , प्रकाश गायकवाड, पवन यादव, दिनेश ठेठवार, सूरज यादव,कुन्ती बाई, दुलारी बाई, पुजा कुर्रे उपस्थित थे। इस प्रवेशोत्सव में उपस्थित शिक्षकों, शाला समिति के सदस्यों और ग्रामीणों ने नवप्रवेशी विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी गई।

### गुण्डागर्दी करने वाला पकड़ाया

**भिलाई।** धारदार हथियार लेकर गुंडागर्दी करने वाले युवक को पुलिस ने पकड़ा लिया है। घटना जामुल थाना क्षेत्र का है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि नहर नाली एसीसी कालोनी जामुल के पास धारदार हथियार तलवारनुमा कटर लेकर लोगों डरा धमकाने की सूचना पुलिस को मिली।

---

**आयोजन :** विधायक दीपेश साहू ने निषाद समाज के भवन हेतु 20 लाख रुपये की घोषणा

# बेमेतरा में हुआ निषाद समाज का वार्षिक अधिवेशन एवं महाराज गुहा निषादराज चौक का लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिला निषाद समाज के वार्षिक अधिवेशन एवं महाराज गुहा निषादराज चौक के लोकार्पण का आयोजन ऐतिहासिक उत्साह के साथ किया गया। कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के रूप मे बेमेतरा विधायक दीपेश साहू शामिल हुए। वही कार्यक्रम की अध्यक्षता विधायक गुंडरदेही कुंवर सिँह निषाद ने किया। सर्वप्रथम कार्यक्रम की शुरुवात निषाद समाज के युवाओं के द्वारा स्थानीय रेस्ट हाउस से बाइक रैली निकालकर अतिथियों का रथ मे बिठाकर स्वागत करते हुए वार्ड न 5 मोहभाट्टा गार्डन पास नवनिर्मित महाराज गुहा निषादराज तक हुआ।

■ निषाद समाज के वार्षिक अधिवेशन मे विधायक कुंवर सिंह निषाद के उद्बोधनों ने भरा जोश

तत्पश्चात विधिवत पूजा अर्चना कर महाराज गुहा निषाद राज चौक का लोकार्पण विधायक दीपेश साहू सहित अतिथियों ने फीता काटकर किया। तत्पश्चात गुहा निषाद राज के मूर्ति पर माल्यार्पण एवं पुष्पहार चढ़ाकर नमन किया। इस दौरान पूरा कार्यक्रम भगवान राम के अनन्य भक्त महाराज गुहा निषाद राज के जयकारे के साथ गूंज उठा। लोकार्पण पश्चात नगर के टाउन हॉल मे आयोजित निषाद समाज के वार्षिक अधिवेशन मे विधायक दीपेश साहू विधायक कुंवर सिँह निषाद सहित समस्त अतिथियों ने कार्यक्रम मे शिरकत किये। कार्यक्रम की शुरुवात महाराज गुहा निषाद राज के छाया चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ शुरुवात हुए। तत्पश्चात मंचस्थ अतिथियों का सौंखी जाली एवं महाराज गुहा निषाद राज की की छाया चित्र भेटकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक विरासत को जीवंत करते हुए नन्ही नन्ही बालिकाओं ने " मोर छत्तीसगढ़ महतारी तोला बंदव बारंबार गीत पर सजीव प्रस्तुति देकर अतिथियों का मन मोह लिया।कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ निषाद समाज के कई वरिष्ठ पदाधिकारी, सामाजिक प्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए विधायक दीपेश साहू ने कहा की "मुझे गर्व है कि निषाद समाज ने मुझे अपने बेटे की तरह स्नेह और आशीर्वाद दिया। आपकी ताकत और समर्थन ने मुझे विधानसभा तक पहुँचाया है। आज मेरा कर्तव्य है कि मैं समाज के उत्थान के लिए सतत कार्य करूं। आपके प्रतिनिधि मेरे कार्यालय में लगातार सक्रिय हैं और मैं समाज से जुड़े हर मुद्दे को गंभीरता से ले रहा हूँ।"उन्होंने आगे कहाः हमने विभिन्न समितियों एवं संस्थाओं में निषाद समाज के प्रतिनिधियों को नामित किया है। ये समाज के सशक्तिकरण की दिशा में मजबूत कदम हैं। आज निषाद समाज केवल पारंपरिक मछली पालन तक सीमित नहीं रहा, बल्कि शिक्षा, व्यापार, राजनीति और सामाजिक क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रहा है।" विधायक साहू ने इस अवसर पर निषाद समाज के सामुदायिक भवन निर्माण हेतु 20 लाख रुपये की घोषणा करते हुए कहा कि समाज के विकास के लिए वे सदैव प्रतिबद्ध हैं।



### भारत के आत्मसम्मान और समर्पण के प्रतीक हैं गुहा निषाद

प्रदेश निषाद समाज के अध्यक्ष एवं गुण्डरदेही विधायक कुंवर सिंह निषाद ने कहा महाराज गुहा निषाद केवल निषाद समाज के नहीं, बल्कि पूरे भारत के आत्मसम्मान और समर्पण के प्रतीक हैं। भगवान श्रीराम के साथ उनकी मित्रता ने यह सिखाया कि जाति, वर्ग, संप्रदाय से ऊपर मानवता और भक्ति होती है। उन्होंने समाज को संगठित होने, शिक्षा पर ध्यान देने और युवाओं को नेतृत्व के लिए आगे लाने का आह्वान किया। यदि हम एकजुट रहें, तो निषाद समाज को कोई पीछे नहीं कर सकता। राजनीतिक, सामाजिक और आर्थिक क्षेत्र में हमारी भागीदारी लगातार बढ़ रही है, इसे और सशक्त करने की आवश्यकता है।

### विधायक को ज्ञापित किया धन्यवाद

कुंवर सिंह निषाद ने विधायक दीपेश साहू को समाज के प्रति उनके विशेष सहयोग, सम्मान एवं आर्थिक योगदान के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया और कहा कि निषाद समाज उनके इस समर्पण को सदैव याद रखेगा। कार्यक्रम का संचालन रेवा राम निषाद द्वारा किया गया।

---

# वर्षों से अटैच पर जमे शिक्षा विभाग में 16 अधिकारी-कर्मचारी मूल संस्था में स्थानांतरित




■ डीईओ ने संलग्नीकरण समाप्ति का आदेश किया जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में वर्षों से अपने मूल स्थान से संलग्नीकरण कराकर जमे हुए 16 अधिकारियों और कर्मचारियों के संलग्नीकरण समाप्त करते हुए उन्हें उनके मूल संस्थानों में भेजे जाने का आदेश जारी किया है। यह कार्रवाई सामान्य प्रशासन विभाग, मंत्रालय महानदी भवन रायपुर द्वारा 5 जून को जारी निर्देशों के तहत की गई है।

जिला शिक्षा अधिकारी कमल कपूर बंजारे के जारी आदेश के अनुसार, जिन अधिकारियों-कर्मचारियों का संलग्नीकरण समाप्त किया गया है, वे अब 20 जून तक अपनी मूल संस्था में कार्यभार ग्रहण करेंगे। यह आदेश शिक्षा विभाग के विभिन्न पदों— सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी, लेखापाल, सहायक ग्रेड-2, ग्रेड-3 और भृत्य पर कार्यरत कर्मचारियों के लिए लागू किया गया है।

### मूल स्थान पर भेजे गए अधिकारी-कर्मचारी

इनमें कामिनी महिलांग को बीईओ कार्यालय नवागढ़, भूपेंद्र पांडेय को बीईओ कार्यालय बेमेतरा, संजय यादव को हाई स्कूल छितापार, राजेन्द्र कुमार देवांगन को हायर सेकंडरी स्कूल बालसमुंद और नरेश कुमार शर्मा को हायर सेकंडरी कोहका भेजा गया है। इसी क्रम में, नीतीश कुमार लहरे को बीईओ कार्यालय नवागढ़, नवल कुमार दिवाकर को हायर सेकंडरी सेमरिया, सतीश कुमार लहरे को हाई स्कूल भेड़नी, दानेश्वर साहू को हायर सेकंडरी साजा और धन्नू साहू व निलय कुमार पांडेय को कार्यालय डीईओ बेमेतरा में स्थानांतरित किया गया है। इसके अतिरिक्त ओंकार वर्मा, त्रिलोक सिंह ठाकुर, शंकर लाल, शेखर लाल और धनंजय ध्रुव सहित कुल पांच भृत्यों को भी उनके मूल संस्थानों में वापस भेजा गया है। यह आदेश बेमेतरा, नवागढ़, साजा और बेरला विकासखंड के शिक्षा विभाग से जुड़े अधिकारियों-कर्मचारियों पर लागू होता है। जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय ने स्पष्ट किया है कि यह अंतिम संलग्नीकरण समाप्ति आदेश माना जाएगा और समय-सीमा में कार्यभार ग्रहण अनिवार्य होगा।

---

# क्रिकेट केवल एक खेल नहीं, बल्कि आपस में प्रेम ओर सौहार्द उत्पन्न करने वाला एक खेलः पूर्व विधायक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

बेरला ब्लॉक के ग्राम बारगांव में आयोजित रात्रिकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता बारगांव प्रीमियर लीग 2025 का समापन हुआ ।समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि के तौर पर पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा शामिल हुए। उन्होंने इस दौरान जहां उन्होंने प्रतियोगिता में भाग्य टीमों को प्रशस्ति पत्र एवं अन्य पुरस्कारों से सम्मानित किया। इस अवसर पर मौजूद खिलाड़ियों एवं ग्रामीणों के बीच अपने विचार रखते हुए श्री छाबड़ा ने कहा कि क्रिकेट प्रतियोगिता न केवल एक खेल है बल्कि आपस में प्रेम व्यवहार तथा सौहार्द उत्पन्न करने वाला एक खेल भी है जहां खिलाड़ी अपने खेल से न केवल अपनी टीम भावना को मजबूत करते हैं बल्कि स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को भी आगे करते हैं खेल मानव जीवन का अभिन्न अंग है खेल के माध्यम से हम अपने शरीर को चुस्त दुरुस्त रखते हैं साथ ही साथ इससे आपसी प्रेम भावना एवं सद्भाव भी बढ़ता है खेलने केवल लोगों को आकर्षित करता है बल्कि इस खेल के माध्यम से लोग आपस में एक दूसरे से जोड़ते हैं मैं बारगांव प्रीमियर लीग के आयोजकों को इस खेल के आयोजन के लिए अपनी ओर से शुभकामनाएं प्रेषित करता हूं तथा धन्यवाद देता हूं जो उन्होंने इस कार्यक्रम में मुझे आमंत्रित किया ।

■ बारगांव प्रीमियर लीग सीजन 3 का हुआ समापन

### ये रहे उपस्थित

समापन समारोह में जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि रवि परगनिया,पूर्व जनपद पंचायत अध्यक्ष बेरला हीरा देवी वर्मा, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष शुभम वर्मा, सच्चिदानंद मिश्रा सरपंच देवलाल वर्मा तखत साहू टिकेश वर्मा उप सरपंच प्रकाश साहू बंसी निषाद सोहन साहू तोरण साहू निहाल परगनिया नरेंद्र दीवार बल्लू राम साहू गणेश पटेल दीपक लहरे अंकित यादव विनय वर्मा सुरेश निषाद शिबू वर्मा मेघनाथ यादव राम वर्मा विजय साहू सहित भारी संख्या में ग्रामवासी एवं क्रिकेट प्रेमी उपस्थित रहे।

---

# बोर्ड ऑफ विजिटर्स टीम के साथ जिला न्यायाधीश ने जिला जेल का किया निरीक्षण





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिला न्यायाधीश बृजेन्द्र कुमार शास्त्री, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण निधि शर्मा सहित कलेक्टर रणबीर शर्मा, पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू, कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग, मुख्य जिला चिकित्सा अधिकारी, जेल अधीक्षक, जेल विजिटर्स एवं गठित जिला यूनिट सदस्यों ने सोमवार जिला जेल बेमेतरा का निरीक्षण किए इस दौरान जिला जेल में जाति आधारित भेदभाव या इसी तरह की अन्य भेदभावपूर्ण प्रथाएं जेलों के अंदर हो रही है या नहीं कि जहां प्रड़ताल की गई वही जिला जेल के सभी बैरकों में जाकर जेल बंदियों एवं जेल के अधिकारियों/कर्मचारियों से उक्त किसी गतिविधियों के संबंध में चर्चा किए। इसके अलावा बोर्ड ऑफ विजिटर्स ने भोजन की गुणवत्ता, स्वास्थ्य परीक्षण एवं अस्पताल की व्यवस्था, जेल अभिलेख एवं अधोसंरचना का भी निरीक्षण व जॉच किया गया। इस मौके पर जिला जेल अधीक्षक दिनेश ध्रुव, एलएडीसीएस डिप्टी चीफ मोतीलाल वर्मा, असिस्टेंट अमन दुबे, सुश्री गीता दास, अधिकार मित्र (पीएलवी) भी उपस्थिति रहे।

■ जिला जेल के बंदियों व अधिकारी, कर्मचारियों से की चर्चा

---

**कलेक्टर ने सुनी जनदर्शन में लोगों की समस्याएं**

# जनदर्शन में शिकायत एवं समस्याओं से संबंधित प्राप्त हुए 40 आवेदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

कलेक्टर रणबीर शर्मा की उपस्थिति में मंगलवार को समय सीमा की बैठक के बाद कलेक्टरेट के दृष्टि सभा कक्ष में जनदर्शन आयोजित की गई। जिसमे जिले के अलग-अलग क्षेत्र के लोग अपनी-अपनी मांग, समस्याएं एवं शिकायतें लेकर आये। इस दौरान जनदर्शन में आने वाले सभी लोगों की समस्याओं का निराकरण भी किया गया।

आज के जन चौपाल में कलेक्टर ने लोगों की समस्याओं को गौर से सुना और संबंधित अधिकारियों से दूरभाष पर और समक्ष बुलाकर संबंधित आवेदनों का त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए। कुछ आवेदन मौके पर ही निराकरण किए गए। आज जनदर्शन में विभिन्न शिकायत एवं समस्याओं से संबंधित 40 आवेदन प्राप्त हुए। तात्कालिक महत्व की समस्याओं का जहां त्वरित निराकरण किया। वहीं गंभीर और जांच के आवेदनों को टीएल पंजी पर दर्ज करके, इनका निराकरण करने के निर्देश संबंधित अफसरों को दी। इस दौरान जनदर्शन में दूरदराज के गांवों से अपनी समस्याओं के समाधान हेतु पहुंचे लोगों में से तहसील साजा के ग्राम तेन्दुआ निवासी अंगद ने प्रधानमंत्री आवास निर्माण जियोटेक कर किश्त भुगतान कराने के संबंध में आवेदन दिया, तहसील बेमेतरा के ग्राम भिलौरी निवासी सरपंच व समस्त ग्रामवासी ने शास गौठाल से बरदिहा गुरू मंदिर तक मुरमी करण, डामरी करण कराने के संबंध में आवेदन दिया, तहसील दाढ़ी के ग्राम मजगांव निवासी मोहन सिन्हा ने स्थगन के बावजूद अवैध निर्माण कार्य जारी होने के संबंध में आवेदन दिया, तहसील थान खम्हरिया ग्राम टेढी निवासी सुरेन्द्र वर्मा ने कृषि भूमि विक्रय करने हेतु बिक्री नकल जारी करने के लिए हल्का पटवारी को आदेशित देने के संबंध में आवेदन दिया, तहसील साजा के ग्राम सोमई खुर्द निवासी शांती बाई ने अपने निजी जमीन को कोटवार के द्वारा मनमानी कर जेसीबी खुदाई कर अतिक्रमण के संबंध में आवेदन दिया, इसी प्रकार तहसील बेमेतरा के ग्राम अर्जुनी निवासी रोहित मेहर ने अबादी भूमि देने के संबंध में आवेदन दिया।



### कलेक्टर ने सुनी ग्रामीणों की समस्या

इसके अलावा आम नागरिकों ने निराश्रित पेंशन दिलाने, बैटरी चलित ट्रायसायकल हेतु, प्रधानमंत्री आवास दिलाने, कटा हुआ रकबा जोडने, खाद गड्डा को हटाये जाने, आम रास्ता खुलवाने, वृद्धापेंशन हेतु दिव्यांगता पेंशन दिलाये जाने आदि से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए है। कलेक्टर ने ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और उनके निराकरण के लिए ग्रामीणों को आश्वासन दिलाया। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत टेकचंद अग्रवाल, अपर कलेक्टर डॉ. अनिल वाजपेयी सहित विभिन्न विभाग के अधिकारीगण उपस्थित थे।

---

# साजा में निकाली गई जनजागरूकता पदयात्रा




**साजा।** जिला दंडाधिकारी जिला बेमेतरा के आदेशानुसार जल वन जन एक प्राकृतिक बंधन अभियान अंतर्गत 16 जून को भूजल एवं वन संरक्षण के प्रति लोगों में जागरूकता लाने जन जागरूकता पदयात्रा रैली का आयोजन किया है।

नगर पंचायत साजा क्षेत्र अंतर्गतकृषि उपज मंडी सजा डोंगितराई से लेकर सजा के मुख्य मार्ग होते हुए देवांगन दुकान से जय स्तंभ तक किया गया। पदयात्रा समापति स्थल पर जल शपथ नगर पंचायत अध्यक्ष हिमांशु वर्मा द्वारा दिलाया गया। इस पदयात्रा कार्यक्रम में तहसील दार साजा उईस्यानी के मानकर, नगर पंचायत साजा के अध्यक्ष हिमांशु वर्मा, मुख्य नगर पालिका अधिकारी अमिताभ शर्मा, पार्षदगण आशीष वर्मा, गोपाल वर्मा सहित सभी नगर पंचायत साजा के अधिकारी कर्मचारी, स्वच्छता दीदी तथा डोंगितराई ग्राम से महिला समूह के सदस्य उपस्थित हुए और पदयात्रा को सफल बनाए।

## खबर संक्षेप



### प्लेसमेंट पूर्व साक्षात्कार प्रशिक्षण का आयोजन

दुर्ग। सेठ आरसीएस कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय द्वारा प्रिज्म कॉलेज एवं सेठ आरसीएस कला एंव वाणिज्य महाविद्यालय के साथ एमओयू के तहत प्लेसमेंट से पूर्व साक्षात्कार प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। प्रिज्म कॉलेज के प्लेसमेंट अधिकारी देशना गर्ग एवं कंचन गांगूली द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। इस प्रशिक्षण में महाविद्यालय के 50 चयनित छात्र-छात्राओं को सम्मिलित किया गया और प्लेसमेंट से पूर्व साक्षात्कार हेतु विशेष प्रशिक्षण दिया गया। सभी छात्र-छात्राएं प्रिज्म ग्रुप ऑफ इन्सटीट्यूशन में 8 से 12 जुलाई के मध्य आयोजित उड़ान प्लेसमेंट कैम्प में सम्मिलित होंगे। यह जानकारी महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. पूजा मल्होत्रा एवं प्लेसमेंट अधिकारी पवनदीप कौर ने दी।

### घरों के आसपास न हो जलभराव : महापौर

दुर्ग। वार्डों में विभिन्न जगहों पर सड़कों, नालियों के किनारे जानवरों को पानी देने के लिए पात्र रखे गए हैं, जिनमें जल भराव के कारण स्वच्छ पानी में डेंगू के लार्वा उत्पन्न होने की अत्यधिक संभावना है, जिससें डेंगू फैलने की संभावना है। महापौर अलका बाघमार एवं आयुक्त सुमित अग्रवाल ने जन स्वास्थ्य हित को ध्यान में रखते हुये समस्त नगरवासियों से कहा है कि अपने घरों के आसपास पात्रों में या अन्य स्थानों पर जलभराव की स्थिति उत्पन्न न होने दें। रोजाना पात्र को साफ कर पानी बदलें अथवा वर्षा ऋतु अवधि में पात्रों को उलट कर रखें, जिससे ज़ल भराव की स्थिति उत्पन्न न हो।

### अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन 21 जून को

दुर्ग। योगा संगम एवं हरित योग की थीम पर इस पर वर्ष भी 21 जून को अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन जिलास्तर पर किया जाएगा। खेल एवं युवा कल्याण विभाग के सहायक संचालक विलियम लकड़ा से मिली जानकारी अनुसार जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन पं. रविशंकर शुक्ल स्टेडियम में सुबह 6 से 7 बजे के मध्य किया जाएगा।

### 11 हितग्राहियों को नोटिस जारी

दुर्ग। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 11 हितग्राहियों को जिनके नाम पर मकान आवास बनाये जाने के लिए राशि जारी की जा चुकी है। उसके पश्चात भी हितग्राहियों के अपूर्ण आवास को पूर्ण नहीं किया जा रहा और ना ही रुचि ली जा रही। बार-बार सूचना के बाद भी उनके द्वारा ना ही मकान बनवाया जा रहा और ना ही जारी राशि लौटाया जा रहा है। अतः अनुविभागीय अधिकारी के माध्यम से 11 हितग्राहियों को 13 जून को नोटिस जारी कर 23 जून को न्यायालय में उपस्थित होने कहा गया है। संतोष जनक जवाब नहीं दिए जाने पर उचित कार्यवाही की जाएगी। नोटिस में मीना शर्मा पति विनोद शर्मा वार्ड 7, प्रेमा कौर पति नरेन्द्र सिंह वार्ड 18, विकास कुमार ताम्रकार पिता घनश्याम वार्ड 30, मंजुलता ताम्रकार पति मनोज ताम्रकार वार्ड 30, अनिता साहू पति गोपाल साहू वार्ड 56 आदि शामिल हैं।

### योग दिवस की तैयारियों में जुटे, व्याख्यान का आयोजन



दुर्ग। दुर्ग जिले के समस्त आयुष संस्थान द्वारा विभिन्न ग्राम पंचायतों एवं अन्य स्कूलों में 21 जून को आयोजित अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में योग रैलियों, पाम्प्लेट्स वितरण एवं चलित वाहन द्वारा योग का प्रचार-प्रसार एवं जन जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसी कड़ी में शासकीय जिला आयुर्वेद चिकित्सालय द्वारा तुलाराम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में योग सत्र में योग का मानसिक एवं शारीरिक स्वास्थ्य पर प्रभाव, आहार और विहार पर व्याख्यान दिया गया।

# नंबर प्लेट में मनमानी वसूली, मोबाइल लिंक में भी मांग रहे राशि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

हाई सिक्योरिटी नंबर लगाने के नाम पर च्वाइस सेंटर में जमकर मनमानी वसूली की जा रही है। दोपहिया से लेकर चार पहिया वाहनों में नंबर लगाने निर्धारित दर से अधिक की राशि वसूली का आरोप कांग्रेसियों ने लगाया हैं। कांग्रेसियों ने साफतौर पर कहा है कि, अगर इस पर लगाम नही लगाई गई तो वे उग्र आंदोलन भी करेगें।

चॉइस सेंटरों द्वारा खुलेआम टू-व्हीलर के लिए अधिकृत शुल्क 365 है, लेकिन कई सेंटर 700 से 1800 तक की राशि वसूल रहे हैं। फोर-व्हीलर के मामले में 900 से 1100 तक की अवैध वसूली की जा रही है। वही आम जनता से मोबाइल नंबर लिंक करने के नाम पर 100-200 रुपये लिया जा रहा है। नगर निगम के पूर्व महापौर धीरज बाकलीवाल के नेतृत्व में कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय (आरटीओ) पहुंचकर अधिकारी एसएल लकड़ा को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट, परमिट, फिटनेस, रेडियम और जीपीएस जैसी अनिवार्य प्रक्रियाओं में व्याप्त अव्यवस्था, लापरवाही और मनमानी वसूली को लेकर शिकायत दर्ज कराई है। इस दौरान नेता प्रतिपक्ष संजय कोहले, वरिष्ठ कांग्रेस नेता फतेह सिंह भाटिया, पूर्व पार्षद भोला महोबिया, पूर्वी ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष राजकुमार पाली, कांग्रेस प्रवक्ता सुशील भारद्वाज, युवा कांग्रेस अध्यक्ष आयुष शर्मा, गौरव उमरे, युवा कांग्रेस प्रदेश संयोजक चिराग शर्मा, अमोल जैन , आयुष शर्मा ,अंश चतुर्वेदी एवं दिव्यांश साहू उपस्थित थे।

## पूर्व महापौर की अगुवाई में सौंपा ज्ञापन, दी उग्र आंदोलन की चेतावनी

### कंपनी डिमांड पूरी नहीं कर पा रही, हो कार्रवाई

पूर्व महापौर बाकलीवाल ने कहा दुर्ग शहर में वर्ष 2019 से पहले पंजीकृत लगभग 6 लाख वाहन हैं, जिनमें से अब तक केवल 48 हजार वाहनों की ही नंबर प्लेट बदली जा सकी है। उन्होने कहा शुरूआती दौर से ही हाई सिक्योरिटी नंबर लगाने को लेकर आम लोग परेशान हो रहे है। इसके बाद भी विभाग के अधिकारी मौन है। उन्होने कहा जिले में एक ही कंपनी से कार्य कराया जा रहा है। लेकिन कंपनी डिमांड को पूरी नही कर पा रही है। जिसका खामियाजा आम जनता को झेलना पड रहा है।



### हर वार्ड में निशुल्क शिविर लगाने की मांग

कांग्रेस पार्टी की मांग है कि नंबर प्लेट प्रक्रिया को पारदर्शी, सरल और समयबद्ध किया जाए। साथ ही, मनमाने शुल्क वसूलने वाले चॉइस सेंटरों के प्रसाशन द्वारा कार्यवाही की जाए। परिवहन अधिकारी एसएल लकडा ने बताया कि, जिले में चालीस परिवन सुविधा केन्द्र आवेदन लिया जा रहा हैं। इसके आलावा च्वाइस सेंटर से भी आवेदन कर रहे है, जिले में नौ सौ से अधिक च्वाइस सेंटर संचालित है। परिवहन अधिकारी ने कहा कि च्वाइस सेंटर से अगर ज्यादा राशि ली जा रही हैं तो एनआईसी को पत्र लिखा जाएगा।

## निरीक्षण : बीएसपी संयंत्र तक पानी की आपूर्ति होगी पूरी, दूर होगी समस्याएं

# भरदा कोनारी एनीकट से मरोदा जलाशय प्रोजेक्ट 70 फीसदी पूर्ण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

भरदा कोनारी एनीकट से मरोदा जलाशय क्रमांक दो तक जल आपूर्ति के लिए करीब 322 करोड रूपए का प्रोजेक्ट कार्य जल्द ही पूरा होगा। करीब 18 किमी की दूरी वाली इस परियोजना का कार्य पूरा होने के बाद जहां बीएसपी संयंत्र को डिमांड के अनुसार पानी की आपूर्ति होगी, वहीं इस प्रोजेक्ट के अमल में जाने से महानदी परियोजना और खरखरा जलाशय से निर्भरता दूर हो जाएगी। बहरहाल यह कार्य 70 फीसदी तक पूरा हो चुका है।

विगत दिनों जल संसाधन मंत्री केदार कश्यप ने निरीक्षण कर अफसरों को निर्माण कार्य जल्द पूरा किए जाने के निर्देश दिए है। भरदा-मरोदा जल आपूर्ति परियोजना 322 करोड़ लागत से पूर्ण होगी। भरदा-मरोदा जल आपूर्ति परियोजना का 70 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है। उक्त परियोजनाओं का जल संसाधन मंत्री केदार कश्यप ने स्थल निरीक्षण किया और अधिकारियों से परियोजना की प्रगति के संबंध में जानकारी ली। इस दौरान श्री कश्यप ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्धारित समय-सीमा के भीतर गुणवत्ता एवं पारदर्शिता के साथ कार्य पूर्ण करने निर्देश दिए है। उन्होनें कहा कि यह परियोजना शासन की जन कल्याण की प्रतिबद्धता का सशक्त प्रतीक है और इसके सफल समापन से क्षेत्र में जल सुरक्षा एवं विकास की नई दिशा स्थापित होगी। यह न केवल लाखों नागरिकों को शुध्द एवं निर्बाध जल उपलब्ध कराएगी, बल्कि हमें जल संरक्षण के प्रति भी सजग करेगी।

शिवनाथ मण्डल दुर्ग अधीक्षण अभियंता सुरेश कुमार पाण्डेय ने कहा कि, परियोजना के सभी कार्य निर्धारित तकनीकी मापदंडो एवं भारतीय मानकों के अनुरूप निष्पादित किए जा रहे है। पाइप लाइन निर्माण में गुणवत्ता, सुरक्षा एवं स्थायित्व को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई है।

तांदुला जल संसाधन संभाग दुर्ग कार्यपालन अभियंता आशुतोष सारस्वत ने बताया कि, इस परियोजना की परिकल्पना से लेकर क्रियान्वयन तक का हर चरण वैज्ञानिक आकड़ों, स्थलाकृतिक विश्लेषण, पाइप लाइन प्रेशर हैड कैल्कुलेशन और हाइड्रोलिक मॉडलिंग पर आधारित है। 3500 मिमी व्यास की उच्च गुणवत्ता युक्त एमएस पाईप भारतीय मानकों के अनुरूप कोटिंग व ज्वांइटिंग व्यवस्था के साथ स्थापित की जाएगी, ताकि दशको तक निर्बाध जल प्रवाह सुनिश्चित हो सके।

स्थल निरीक्षण के दौरान दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर, महानदी गोदावरी कछार रायपुर के मुख्य अभियंता सतीश कुमार टीकम, शिवनाथ मण्डल दुर्ग के अधीक्षण अभियंता सुरेश कुमार पाण्डेय, तांदुला जल संसाधन संभाग के कार्यपालन अभियंता आशुतोष सारस्वत, अनुविभागीय अधिकारी गोपी शर्मा, डी.एन. शुक्ला, आरके सोनी, रोहन शॉ, पीएन साहू, कुलेश्वर जोशी, उपअभियंता गौरव सिंह, मुकेश अहिर सहित अन्य सभी तांदुला जल संसाधन के उपअभियंता मौजूद रहे।

### खास बातें

- मंत्री ने शनिवार को किया प्रोजेक्ट का निरीक्षण, पूरा करने सख्त निर्देश
- भरदा कोनारी से मरोदा प्रोजेक्ट शुरू होने से बीएसपी को मिलेगी भरपूरा पानी

### मंत्री केदार कश्यप ने परियोजना का किया स्थल निरीक्षण



### खराखरा से रूदा एनीकट 1486 करोड़ से बनेगा

भरदा कोनारी एनीकट से मरोदा प्रोजेक्ट के आलावा जल संसाधन विभाग द्वारा खरखरा जलाशय से रूदा एनीकट तक एम.एस. पाइप लाईन जल आपूर्ति परियोजना करीब 1486 करोड की लागत से तैयार किया गया है। इस परियोजना का प्रस्ताव विभाग ने राज्य शासन को भेजा है। इसकी स्वीकृति मिलने के बाद परियोजना शुरू की जाएगी। इस परियोजना की कुल लागत 1486 करोड़ और लम्बाई लगभग 48 किलोमीटर होगी। इससे मुख्य लाभ जल संरक्षण, अपव्यय में कमी, उर्जा बचत और विस्तृत जल आपूर्ति क्षेत्र (दुर्ग, भिलाई, रिसाली, जामूल, उतई ग्राम इरा चंदखुरी एवं आसपास के क्षेत्र)। परियोजना के पूर्ण होनें पर भिलाई इस्पात संयंत्र एवं एन.एस.पी.सी.एल. औद्योगिक संस्थान को गैर मानसून अवधि में वर्तमान एवं भविष्य की मांग को अपव्यय रहित जल प्रदाय सुनिश्चित किया जाएगा।

### भेजा प्रस्ताव

खरखरा से रूदा एनीकट परियोजना का प्रोजेक्ट राज्य शासन को भेजा गया है। स्वीकृति मिलने पर कार्य शुरू किया जाएगा। वही भरदा कोनारी एनीकट से मरोदा का प्रोजेक्ट 70 फीसदी पूर्ण हो गया है। जल्द ही इसे पूरा कर लिया जाएगा। -**आशुतोश सारस्वत,** ईई जलसंसाधन विभाग दुर्ग

### महानदी नदी और खरखरा में बचेगा पानी

भरदा कोनारी एनीकट से मरोदा जलाशय क्रमांक 2 तक जल आपूर्ति परियोजना के अस्तित्व में आने से बीएसपी को अब महानदी और खराखरा जलाशय पर निर्भर नही होना पडेगा। बल्कि मरोदा तक पानी आने से करीब 100.76 एम.सी.एम. जल की बचत होगी। अफसरों ने बताया कि, भरदा कोनारी से मरोदा तक आपूर्ति से भिलाई इस्पात संयंत्र की डिमांड पूरी होगी। बल्कि इस प्रोजेक्ट से अब महानदी जलाशय परियोजना एवं खरखरा जलाशय में कुल 100.76 एम.सी.एम. जल की बचत होंगी, जिसका उपयोग कृषि, उद्योग, पेयजल के क्षेत्रों में उपयोग सुनिश्चित किए जाने की प्लानिंग है। यह प्रोजेक्ट में 1800 मि.मि. व्यास की माइल्ड स्टील पाइपलाइन, 6 अत्याधुनिक पंप, 33 केवी विद्युत आपूर्ति, नवीनतम आर.सी.सी. नहर एवं नियंत्रण प्रणाली का उपयोग किया जाएगा। बहरहाल परियोजना का कार्य लगभग 70 प्रतिशत पूर्ण हो चुका है।

# बरसात में घर खाली करने की नोटिस से ग्रामीण परेशान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

जिला कार्यालय के सभाकक्ष में कलेक्टर अभिजीत सिंह के निर्देशानुसार आज डिप्टी कलेक्टर उत्तम ध्रुव ने साप्ताहिक जनदर्शन कार्यक्रम में पहुंचे जनसामान्य लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनी।

- जनदर्शन में आज 122 आवेदन प्राप्त हुए

जनदर्शन में विभिन्न मांगों एवं समस्याओं से संबंधित आज 122 आवेदन प्राप्त हुए। ग्राम पंचायत बिरेझर थाना अंजोरा निवासियों ने पट्टा प्रदान करने आवेदन दिया। ग्रामीण महिलाओं ने बताया ग्रामीण परिवार पिछले 8-10 वर्षों से पंचायत की भूमि पर कच्चा मकान बनाकर निवास कर रहे हैं। इन परिवारों के पास स्वयं की कोई निजी भूमि नहीं है। भूमि स्वामित्व प्रमाण न होने के कारण ये परिवार प्रधानमंत्री आवास योजना सहित अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं उठा पा रहे हैं।

ग्राम पंचायत द्वारा हाल ही में परिवारों को मकान खाली करने का नोटिस दिया गया है, जिससे बरसात के मौसम में उनके लिए गंभीर समस्या उत्पन्न हो गई है। ग्राम चंदखुरी के कृषकों ने बताया उनकी कृषि भूमि ग्राम चंदखुरी नाला क्रमांक 11 के पास स्थित है। हाल में बनी सड़क की ऊंचाई अधिक हो जाने के कारण बरसात का पानी नाले में भरकर कृषि भूमि की ओर बहता है, जिससे वहां डूबान की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। आगामी बारिश में फसल को भारी नुकसान हो सकता है।

कृषकों का कहना है कि जब सड़क निर्माण हो रहा था, तब उन्होंने इस संभावित समस्या से अवगत कराया था। जब पिछले वर्ष खरीफ की फसल जलभराव के कारण खराब हो गई, तब भी उन्होंने निर्माण एजेंसी को पक्का नाली निर्माण के लिए आवेदन दिया था, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। कृषकों ने मांग की है कि स्थायी समाधान के रूप में पक्का नाली का निर्माण कराया जाए, ताकि बरसात में उनकी कृषि भूमि जलभराव से सुरक्षित रह सके।

### सड़क पर लग रही मुर्गा दुकान

घासीदास निवासियों ने बताया कि, वार्ड 23 जामुल थाना रोड पर अनावश्यक रूप से दुकान की क्षमता से ज्यादा बड़ा बोर्ड लगाकर मुर्गा दुकान संचालित किया जा रहा है। मुर्गा रखने के लिए बड़े-बड़े जालियां सड़क की ओर लगा दी गई है, जिससे राहगीरों और वाहनों की आवाजाही में रुकावट हो रही है। सड़क किनारे की नाली को भी बंद कर दिया गया है, जिससे जल निकासी बाधित हो रही है।

# एथलेटिक्स स्पर्धा में दुर्ग की बेटियों ने लहराया परचम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

नागपुर (महाराष्ट्र) में चल रहे एचसीएल फाउंडेशन स्पोर्ट्स फार चेंज के सातवें चरण में मध्यक्षेत्र जोनल स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में दुर्ग की बेटियों ने छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करते हुए मिक्स रिले में 54.62 सेकंड में पुरा करते हुए कांस्य पदक हासिल किया। मिक्स रिले में दुर्ग की बेटी कुमकुम यादव, शिया चौहान एवं कोरबा के योगेन्द्र सिंह एवं सिद्धार्थ यादव ने परचम लहराया। छत्तीसगढ़ एथलेटिक्स टीम की ओर कोच बीआर यादव सुश्री लाडली खिलाड़ी (दुर्ग) एवं गिरजाशंकर धीवर (कोरबा) है। ज्ञातव्य हो कि, छत्तीसगढ़ टीम की ओर से खेलगांव खम्हरिया से एथलेटिक्स, धनोरा से कबड्डी पाऊवारा से खो-खो बालक एवं दुर्ग की बालिका टीम एथलेटिक्स एवं खो-खो टीम कुल 26 खिलाड़ी कोच मैनेजर भाग लेने पहुंचे हैं। चार दिनों तक चल रहे इस स्पर्धा में राजस्थान, उत्तरप्रदेश, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र एवं मध्यप्रदेश कुल 5 राज्यों के खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि के लिए दुर्ग लोकसभा सांसद विजय बघेल, खेल मंत्री टंकराम वर्मा, ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर, दुर्ग शहर विधायक गजेंद्र यादव, जिपं. अध्यक्ष सरस्वती बंजारे, अल्का बाघमार महापौर, जीएस बाम्बरा चेयरमेन छ.ग. एथलेटिक्स एसोसिएशन व अध्यक्ष महेन्द्र आहूजा, सचिव रवि. राजा, विनोद नायर एनआईओएस कोच सुनील नायर, कोच बालकदास डहरे आदि उपस्थित थे।

- विजेताओं का किया गया सम्मान, बढ़ाया हौसला

# स्वशासी स्नातकोत्तर परीक्षाओं के सभी परिणाम घोषित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय के स्वशासी परीक्षा प्रकोष्ठ द्वारा स्वशासी स्नातकोत्तर द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर परीक्षा के सभी परिणाम घोषित कर दिए गए है। विद्यार्थी परीक्षा परिणाम महाविद्यालय की वेबसाईट अथवा स्वयं आकर नोटिस बोर्ड पर अवलोकन कर सकते है। स्वशासी परीक्षा प्रकोष्ठ की नियंत्रक डॉ. जगजीत कौर सलूजा ने बताया कि घोषित परीक्षा परिणामों में एम.ए. भूगोल, इतिहास, समाजशास्त्र, राजनीति शास्त्र, हिन्दी, अंग्रेजी, अर्थशास्त्र तथा एमएसडब्ल्यू एवं एम.कॉम. के अलावा विज्ञान संकाय के एम.एससी भौतिक, गणित, रसायन, वनस्पति शास्त्र, प्राणीशास्त्र, भूगर्भशास्त्र, माइक्रोबायलॉजी, बायोटेक्नालॉजी, पीजीडीसीए, एम.लिब आईएससी आदि शामिल है। डॉ. सलूजा बताया कि स्नातकोत्तर विषयों के द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले विद्यार्थियों को तृतीय सेमेस्टर में अध्ययन के लिए महाविद्यालय में नियमित रूप से प्रवेश लेना होगा। तृतीय सेमेस्टर की नियमित कक्षाएं 23 जून से संचालित होना प्रस्तावित है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अजय कुमार सिंह के अनुसार स्नातक स्तर की प्रायोगिक परीक्षाएं 1 जुलाई से आरंभ होकर 10 जुलाई के बीच आयोजित होगी। प्रत्येक विद्यार्थी विभिन्न विभागों में अपनी प्रायोगिक परीक्षाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त करने विभागों के नोटिस बोर्ड का अवलोकन करते रहें। प्राचार्य डॉ. अजय कुमार सिंह ने बताया कि महाविद्यालय के स्नातक स्तर के प्रथम वर्ष में प्रवेश के लिए पहली मेरिट सूची 17 जून को महाविद्यालय के नोटिस बोर्ड एवं वेबसाईट पर चस्पा कर दी जायेगी। इस सूची में स्थान प्राप्त विद्यार्थी 18 से 21 जून तक महाविद्यालय में अपने दस्तावेज का वेरिफिकेशन कराकर ऑनलाईन रूप से निर्धारित शुल्क अदा कर प्रवेश ले सकते हैं।

- तृतीय सेमेस्टर की कक्षाएं 23 जून से



## योग दिवस से अभियान की शुरूआत, प्रत्येक बूथ में लगेंगे 50 पौधे

# अभियान चलाकर भाजपाई रोपेंगे 807 बूथ में पौधे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

आगामी 21 जून को योग दिवस के साथ ही भाजपा जिलेभर के 807 बूथों में पौधरोपण करेगी। इसके लिए प्रत्येक बूथ में पचास पौधे लगाए जाने का टारगेट रखा गया है। योग दिवस के दिन से जिले में इस अभियान की शुरूआत होगी।

- योग दिवस के दिन से शुरु होगा अभियान

जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र कौशिक ने बताया कि, इसके लिए प्रत्येक बूथ प्रभारी को जिम्मेदारी दी जाएगी। इसके आलावा एक पेड मां के नाम से भी पौधरोपण किया जा रहा है। बताया गया कि, विश्व योग दिवस के अवसर पर 21 जून 2025 को वार्ड क्रमांक 7 डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन गार्डन शिक्षक नगर, दुर्ग में योग का कार्यक्रम एवं एक पेड़ माँ के नाम के तहत वृक्षारोपण कार्यक्रम तहत पेड़ भी लगाया जाएगा।

कार्यक्रम में अतिथि के रूप में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं पूर्व सांसद सुश्री सरोज पांडेय, सांसद विजय बघेल जी,जिला अध्यक्ष सुरेन्द्र कौशिक, जिला कार्यक्रम संयोजक जितेन्द्र वर्मा, शहर विधायक गजेंद्र यादव, ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर, महापौर अलका बाघमार, सभापति श्याम शर्मा उपस्थित रहेंगे।



### शिक्षक नगर में योग दिवस का आयोजन

आगामी 21 जून को शिक्षक नगर गार्डन वार्ड सात में सुबह छः बजे से आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम को जिला भाजपा दुर्ग, चेम्बर ऑफ़ कामर्स एवं इंडस्ट्रीज, टाटा टिस्कान, चन्द्राकर ट्रेडर्स, ज़िला आर्थिक प्रकोष्ठ, चण्डी शीतला मंडल, शिक्षक नगर गार्डन समिति, पतंजलि योग समिति की प्रशिक्षण टीम कार्यक्रम करेगें। कार्यक्रम में आप सभी जिला में निवासरत राष्ट्रीय पदाधिकारी, प्रदेश पदाधिकारी, ज़िला पदाधिकारी, मंडल पदाधिकारी, समस्त एम.आई.सी.सदस्य, पार्षदगण, समस्त मोर्चों के पदाधिकारी एवं कार्यकारिणी सदस्य, समस्त प्रकोष्ठों के पदाधिकारी एवं कार्यकारिणी, छाया पार्षदगण, बूथ अध्यक्ष एवं कार्यकारिणी भी रहेगें।

# आयुक्त ने अवैध निर्माण और जलभराव क्षेत्र का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय जोन क्रमांक 1 माडल टाउन में निर्मित डामरीकृत रोड एवं सामुदायिक भवन निरीक्षण करने पहुंचे। वार्ड में डामरीकृत रोड निर्माण किया गया है, रोड किनारे मार्किंग के बाहर एक लेवल में रखने के लिए उप अभियंता को आदेशित किए, जिससे भविष्य में सड़क का किनारा खराब न हो।

निर्मित सड़क के बीच नाली सफाई के लिए लोहे की जाली लगाया गया है, जिसमें स्लैब चेम्बर लगाकर ढकने के लिए कहा गया। तत्पश्चात वार्ड 3 पार्षद हरिओम तिवारी के साथ पूर्व से निर्मित सामुदायिक भवन का मुआयना किया। भवन में लगाया गया टाईल्स टूट कर उखड़ गया है, जिसे बदलने एवं बिजली वायरिंग कराने उपस्थित अभियंताओं को निर्देशित किए। आयुक्त पाण्डेय वार्ड क्रं. 12 न्यू आर्य नगर कोहका क्षेत्र का भ्रमण करने पहुंचे, वहां स्थित तालाब की साफ-सफाई कराने, बरसाती पानी से तालाब भरने को प्राथमिकता देने एवं ट्यूबवेल के माध्यम से तालाब न भरने निर्देशित किए। न्यू आर्य नगर क्षेत्र में कुछ दलालों द्वारा अवैध रूप से प्लाटिंग करवाकर मकान निर्माण करवाया गया है, जो मूलभूत सुविधाओं के लिए परेशान हैं। बिना भवन अनुज्ञा के मकान निर्माण कर लिया गया है, जिसे नोटिस जारी कर कार्यवाही करने जोन आयुक्त अजय सिंह राजपूत एवं जोन सहायक राजस्व अधिकारी अजय शुक्ला को निर्देशित किए।

# बायो से नहीं हो रही उपस्थिति दर्ज, 26 दिन के अटेंडेंस पर 18 दिन का ही जमा हो रहा सीपीएफ

## सभी मजदूरों की उपस्थिति दर्ज करने दर्ज नहीं करने पर ठेका श्रमिक यूनियन इंटक ने दी आंदोलन की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र में में काम करने वाले हजारों ठेका मजदूरों अभी भी पूर्ण रुप से बायोमेट्रिक अटेंडेंस से उपस्थिति दर्ज नहीं की जा रही है। इससे प्रभावित मजदूरों का पूर्ण वेतन और पूरे दिन सीपीएफ में पूर्ण अंशदान जमा नही हो पाने से ईएसआईसी सुविधा में दिक्कत आ रही है।

स्टील ठेका श्रमिक यूनियन इंटक के कार्यालय सेक्टर 4 में यूनियन कार्यकारिणी की हुई बैठक में बीएसपी के अधीन काम करने वाले श्रमिकों ने अपनी समस्याओं से अवगत कराया । बताया कि बीएसपी के 22 हजार ठेका श्रमिकों का अभी भी पूर्ण रूप से बायोमैट्रिक से उपस्थित नहीं जा रही है । इस कारण कुछ ठेका कंपनियां, जो रखरखाव और आउटसोर्सिंग के अंतर्गत कार्य कर रहे हैं टाउनशिप,ओएचपी, मिल्स, प्रोजेक्ट आदि विभाग में उपस्थिति और सीपीएफ में पूर्ण अंशदान नहीं दे रहे हैं । 26 दिन की उपस्थिति पर 15 से 18 दिन का ही सीपीएफ का अंशदान जमा किया जा रहा है। पूर्ण उपस्थिति का भी वेतन नहीं देते। मजदूरों ने मांग की कि बायोमैट्रिक अटेंडेंस होने से श्रमिकों को उनका पूर्ण वेतन और सीपीएफ में पूर्ण अंशदान जाएगा, जिससे ईएसआईसी और अन्य सुविधाएं मिलेगी।

बैठक में सीपी वर्मा, दीनानाथ सिंहसार्वा, मनोहर लाल, सुरेश श्याम कुंवर,आर दिनेश, गुरुदेव साहू, जसबीर सिंह ,रिखी राम साहू संतोष ठाकुर ,सुरेश दास टंडन,देवेंद्र कुमार दामन लाल , दौऊलाल, यशवंतयादव मनहरण ,नारायण नरेंद्र,महेंद्र, उत्तरा संजीव कुमार ,कान्हाराम आदि उपस्थित थे।




### लिव कार्ड व वेतन पर्ची भी नहीं मिलती

बीएसपी के चारों शिफ्ट में कार्य करने वाले अधिकांश श्रमिकों को ठेका कंपनियों द्वारा निर्धारित छुट्टी व राष्ट्रीय अवकाश जैसे 15 अगस्त, 26 जनवरी, 2 अक्टूबर,अंबेडकर जयंती एवं निर्धारित छुट्टियां नहीं दी जाती। श्रमिकों के ऑनलाइन उपस्थिति में यह व्यवस्था बनाई जाए की छुट्टी राष्ट्रीय अवकाश एवं लीव कार्ड और वेतन पर्ची ठेका श्रमिकों को दी जाए। जिससे कि उनको मिलने वाले पूर्ण वेतन का पता चल सके। स्टील ठेका श्रमिक यूनियन इंटक के अध्यक्ष संजय साहू ने कहा कि बीएसपी में 70% योगदान देने के बाद भी ठेका श्रमिकों को पूर्ण वेतन एवं सुविधाएं नहीं मिल पा रही हैं। बायोमेट्रिक एवं लीव कार्ड, छुट्टी, राष्ट्रीय अवकाश ,केंद्रीय न्यूनतम वेतन, आवास ,रात्रि भत्ता साइकिल अलाउंस ,इंसेंटिव आदि अन्य मुद्दों के लिए बीएसपी प्रबंधन से बैठक कर ज्ञापन दिया जाएगा । आंदोलन करने को बाध्य होना पड़ेगा।

## खबर संक्षेप

### अग्रवाल मिनरल एंड केमिकल फैक्ट्री संचालक के खिलाफ जुर्म दर्ज

**भिलाई।** अग्रवाल मिनरल एंड केमिकल फैक्ट्री संचालक के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है। जामुल पुलिस ने बताया कि बीते दिनों उक्त फैक्ट्री में बड़ा हादसा हुआ था। जिसमें जयंती साहू नामक महिला की मौत हो गई थी। वहीं दो अन्य गंभीर रुप से घायल थे। पुलिस ने गवाहो का बयान लेकर एफएसएल टीम से घटना स्थल का निरीक्षण कराया गया। मृतिका अग्रवाल मिनिरल एण्ड केमिकल फैक्टरी में श्रमिक के रुप में काम करती थी। हादसा 14 जून की दोपहर को कार्यस्थल में फायर ब्रिक की चूरा को जम्बो बैग में भरकर क्रेन से लाया ले जाया जाता था। कंपनी के संचालक द्वारा सुरक्षा घेरा नही किया गया था। कार्य करने वाले कर्मी को सुरक्षा सामग्री हेलमेंट आदि नहीं उपलब्ध कराया गया। फायर ब्रिक से भरा हुआ जम्बो बैग को क्रेन से उठाकर ले जाने के दौरान बैग का बेल्ट टुट जाने से वजनी बैग जयंती साहू के ऊपर आ गिरा। जांच में कंपनी के संचालक द्वारा उपेक्षापूर्ण सुरक्षा व्यवस्था करना पाया गया।

### संयंत्र स्तरीय यूनिकोड वॉइस टाइपिंग प्रशिक्षण



**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के राजभाषा विभाग द्वारा संयंत्र स्तरीय यूनिकोड एवं वॉइस टाइपिंग प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन 'मानव संसाधन विकास केन्द्र के भूतल स्थित सभागार में किया गया। प्रशिक्षण में भिलाई इस्पात संयंत्र के विभिन्न विभागों से नामांकित कार्मिक सम्मिलित हुए। महाप्रबंधक सौमिक डे ने कहा कि हिंदी में कार्यालयीन कामकाज को सरल व सहज बनाने सहित कम से कम समय में हिंदी टायपिंग के लिए सबसे आसान उपाय है यूनिकोड एवं ऑनलाइन वॉइस टायपिंग। हमें इसमें कोई संकोच नहीं होना चाहिए। उप प्रबंधक जितेन्द्र दास मानिकपुरी ने राजभाषा के सांविधिक प्रावधानों की जानकारी दी । वरिष्ठ स्टाफ सहायक धनंजय कुमार मेश्राम ने ऑनलाइन वॉइस टाइपिंग का प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण से कर्मियों को चौतरफा लाभ होगा।

## मैत्रीबाग चिड़ियाघर में कई वन्यप्राणी उम्र के आखिरी पड़ाव पर


# कभी आकर्षण का केंद्र रहे उम्रदराज जानवर अब बन गए हमदर्दी के पात्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

बुढ़ापा इंसानों के लिए ही जितना तकलीफदेह नहीं होता उससे कहीं अधिक बेजुबां वन्य प्राणियों के लिए भी पीड़ादायी होता है। मैत्रीबाग जू में कई उम्रदराज जानवर अपनी आयु के आखिरी पड़ाव पर हैं। कुछ साल पूर्व तक सैलानियों को आकर्षण का केंद्र रहे यह बेबस और असहाय यह जानवर और परिंदे अब उनकी हमदर्दी के पात्र बनकर रह गए हैं।

बीएसपी का मैत्रीबाग ट्विनसिटी ही नहीं बल्कि प्रदेश का भी एक प्रमुख पर्यटन केंद्र है। पचास साल पुराना यह चिड़ियाघर पर्यटकों के लोकरंजन के साथ बच्चों के लिए भी जू एजुकेशन का माध्यम बना हुआ है। करीब दो दशक पूर्व तक यह जू पच्चीसों प्रजाजियों के सैकड़ों पक्षियों और जानवरों से गुलजार था। करीब छह सौ वन्य प्राणी यहां की शान हुआ करते थे। लेकिन इस दौरान बाहर के चिड़ियाघरों से नए वन्य प्राणियों की आमद कम होने और अपनी औसत आयु के बाद जानवरों की मौत से वर्तमान में महज सवा तीन सौ वन्य प्राणी ही मैत्रीबाग में बचे हैं। इनमें कई जानवर व परिंदे उम्रदराज हो चुके हैं। तीन चार साल पूर्व तक इनकी उछलकूद और चहचहाहट से पूरा जू गुलजार होता था। लेकिन उम्र के आखिरी मोड़ पर अपने कैज में कहीं कोने में यह शारीरिक कमजोरी से असहाय व सुस्त पड़े रहते हैं। पर्यटकों की सहानुभूति व जू के कर्मियों की सतत देखभाल व पुचकार से युवा दिनों की यादों में लौटते दिखाई देते हैं। कुछ जानवरों के दांत व नाखून घिस चुके हैं और चलने फिरना भी मुश्किल से होता है। खाने में दिक्कत के कारण पाचन के लिए इन्हें मांस के महीने टुकड़े परोसे जाते हैं।

### जू के कर्मचारी सेहत और खानपान का रख रहे खास ख्याल





### कुनबे में तन्हा बचा वयोवृद्ध लायन राजा

मैत्रीबाग चिड़ियाघर में कभी सिंग इज किंग लायन राजा की दहाड़ से पूरा मैत्रीबाग क्या मड़ौदा सेक्टर लरजता था। लेकिन आज यह वृद्धावस्था के चलते अपने एनक्लोजर में गुर्राने के लिए भी पूरी ताकत लगानी पड़ रही है। छह सात पूर्व तक यहां आधा दर्जन लायनों कुनबा सैलानियों के आकर्षण का केंद्र हुआ करता था। लायन राजा इस कुनबे का शंकर के बाद सबसे वरिष्ठ सदस्य था। सोलह साल की उम्र के इस वृद्ध नर लायन के दांत व नाखून खिस चुके हैं। कमजोरी के कारण उसे खाने में दिक्कत होती है और कर्मचारी महीने मांस के टुकड़े परोसते हैं।

### तेंदुआ को साथी का इंतजार

चिड़ियाघर में अब एक ही तेंदुआ है,जो अपना पांच साल पूर्व अपना साथी खो चुका है। पंद्रह वर्षीय यह नर तेंदुआ अपने एनक्लोजर में चबूतरे पर कभी सुस्त तो कभी धीमी चाल से चारों ओर चक्कर लगता रहता है। चिड़ियाघर में विपरीत मौसम में कर्मचारी इसका भी खास ख्याल रखते हैं। यह तेंदुआ दो महीने पहले उस समय सुखियों में आया जब बीएसपी के अंदर कहीं से एक तेंदुआ दिखने की खबर आम हुई थी। लेकिन मैत्रीबाग का यह तेंदुआ अपने कैज में सुरक्षित था। जल्द दी मैत्रीबाग में जंगल सफारी से प्रबंधन एक और तेदुआ लाने जा रहा है, जिससे थोड़ी रौनक लौटेगी। इसके अलावा मैत्रीबाग में एक दो घड़ियाल, 1 सफेद टाइगर, तीन नील गाय दो दर्जन से अधिक हिरण व सांभर व चार पेलिकान, एक स्टुवर्ड स्टार्क आदि वृद्ध हो चुके हैं। दो वृद्ध भालू व दो क्रोकोडायल की मौत हो चुकी है।

# बीईओ ने शालाओं का किया औचक निरीक्षण




हरिभूमि न्यूज ▶▶| थान खम्हरिया

- शैक्षणिक सत्र प्रारंभ के अवसर पर व्यवस्थाओं की समीक्षा, शिक्षकों को दिये अनुशासन और गुणवत्ता शिक्षा के निर्देश

विकासखंड शिक्षा अधिकारी साजा नीलेश चंद्रवंशी जी ने आज थान खमरिया सहित तहससील क्षेत्र के विभिन्न शालाओं का औचक निरीक्षण किया। नये शिक्षण सत्र के प्रारंभ अवसर पर स्कुलो की समग्र व्यवस्था जांचने पहुँचे बीईओ ने जरूरी निर्देश दिये, उन्होने विद्यालय संचालन को व्यवस्थित व सुगमता से संचालित करने के लिए शिक्षकों से आवश्यक चर्चा भी किया।

बीईओ ने आज शालाओं में पहुंचकर शाला प्रवेश उत्सव, पाठ्यपुस्तक और गणवेश वितरण, मध्यान्ह भोजन, नवीन प्रवेश, भवन की मरम्मत रखरखाव व रंगाई, शाला प्रबंधन समिति, कक्षा संचालन, शिक्षक दैनन्दिनी सहित विभिन्न विषयों का बारीकी से निरीक्षण किया।

भारतमाता शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में जलभराव की समस्या से प्रबंधन समिति व जनप्रतिनिधियों के सहयोग से निराकरण करने सुझाव दिया, आत्मानन्द से पीएमश्री बने शाला में शिक्षकों को समय पर उपस्थित होने तथा अनुशासन बनाए रखने का निर्देश दिया वहीं बालक पूर्व माध्यमिक शाला में मध्यान्ह भोजन में वैकल्पिक व्यवस्था में कड़ी नाराज़गी व्यक्त करते हुए तत्काल मेन्यू के अनुसार मध्यान्ह भोजन संचालन करने निर्देश दिया। शैक्षणिक कलेंडर का पालन करते हुए शिक्षण कार्य हेतु सभी शिक्षकों को प्रेरित किया गया।

# ब्रिटिश संसद से सम्मानित निर्वाना का राउरकेला में भी हुआ सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

महाराजा अग्रसेन भवन राउरकेला में अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन की राष्ट्रीय कार्यकारिणी बैठक एवं पश्चिम ओडिशा प्रांतीय अधिवेशन का आयोजन हुआ। इस अवसर पर सामाजिक एकता, सशक्तिकरण और नवाचार जैसे विविध मुद्दों पर गंभीर मंथन किया गया। इस अवसर पर आरपी एस (रुंगटा पब्लिक स्कूल) की छात्रा निर्वाना अग्रवाल को सम्मानित किया गया। निर्वाना ब्रिटिश संसद के हाउस ऑफ लॉड्स में आयोजित इंटरनेशनल बुक ऑफ अचीवर्स अवार्ड 2025 समारोह में भी सम्मानित हो चुकी हैं। यह सम्मान उन्हें बैरोनेस वर्मा द्वारा प्रदान किया गया। समारोह में घाना की रॉयल महारानी क्वीन विकी लेक्सटर, लॉर्ड राज लूंबा सीबीई, रागेश्वरी लूंबा, लॉर्ड कुलदीप सहोता सहित कई अंतरराष्ट्रीय विशिष्टजन उपस्थित रहे। समारोह में अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल शरण गर्ग ने निर्वाना को पुष्पमाला, पटका एवं स्मृति-चिह्न प्रदान कर विशेष सम्मान दिया। गर्ग ने कहा निर्वाना अग्रवाल की उपलब्धि न केवल अग्रवाल समाज, बल्कि सम्पूर्ण भारतवर्ष के लिए गर्व की बात है। उन्होंने अपनी विलक्षण प्रतिभा से अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत की सशक्त उपस्थिति दर्ज कराई है। उप-प्राचार्या दीप्ति सिंह ने उनकी इस शानदार सफलता पर गर्व व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्राचार्य राजीव कुमार ने निर्वाना को आने वाले समय में और भी ऊंचाइयों छूने के लिए प्रेरित करते हुए बधाई दी। एसआरजीआई के अध्यक्ष संजय रुंगटा ने कहा कि इस तरह की उपलब्धियां न केवल विद्यार्थियों के आत्मविश्वास को बढ़ाती है।

# 18 जून को आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में मनाया जाएगा विश्व सिकल सेल जागरूकता दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

- रोगियों को मिलेगा नि :शुल्क चिकित्सीय परामर्श, स्क्रीनिंग एवं जेनेटिक कार्ड

जिले में 18 जून को समस्त आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में विश्व सिकल सेल जागरूकता दिवस का आयोजन किया जाएगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अशोक बसोड़ ने बताया कि यह आयोजन राज्य शासन के निर्देशानुसार एवं कलेक्टर श्री रणबीर शर्मा के मार्गदर्शन में किया जा रहा है।

यह आयोजन आरोग्य मेला के साथ थीम आधारित कार्यक्रम के रूप में किया जाएगा, जिसका मुख्य उद्देश्य आमजन को सिकल सेल रोग के बारे में जागरूक करना और पीड़ितों को समुचित चिकित्सीय सहायता प्रदान करना है। डॉ. बसोड़ ने बताया कि सिकल सेल एक आनुवंशिक रक्त विकार है, जो विशेषकर अनुसूचित जनजाति क्षेत्रों में अधिक देखा जाता है। इस दिन जिले के सभी आयुष्मान केंद्रों में सिकल सेल से संबंधित निःशुल्क चिकित्सीय परामर्श, स्क्रीनिंग, जेनेटिक कार्ड वितरण एवं रोगियों के लिए विशेष स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। विश्व सिकल सेल जागरूकता दिवस प्रत्येक वर्ष 19 जून को मनाया जाता है। वर्ष 2008 में संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा इसे मान्यता दी गई थी ताकि सिकल सेल रोग को एक गंभीर सार्वजनिक स्वास्थ्य समस्या के रूप में पहचाना जा सके। जिला प्रशासन द्वारा आम नागरिकों से अपील की गई है कि वे निकटतम आयुष्मान आरोग्य केंद्र में जाकर इस कार्यक्रम में भाग लें, जानकारी प्राप्त करें और आवश्यकता होने पर अपनी जांच कराकर उचित परामर्श प्राप्त करें।

# फाइन इंजीनियर्स कंपनी में चोरी मामले में चार गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

- लोहे का नट-बोल्ड और क्लेपिंग प्लेट हुआ था पार

फाईन इंजीनियर्स कंपनी में चोरी के मामला में पुलिस चार युवकों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ जामुल पुलिस ने कार्रवाई की है। घटना की शिकायत कैलाश नगर निवासी श्रेष्ठ अग्रवाल ने थाने में शिकायत किया था। लाइन इंडस्ट्रीज एरिया भिलाई में उक्कत कंपनी स्थित है। अज्ञात ने कंपनी से लोहे का नट-बोल्ड एवं क्लेपिंग प्लेट 7 हजार रुपए का पार कर आरोपी फरार हो गए थे। जामुल पुलिस ने घटना स्थल के आस-पास लगे सीसी कैमरो को खंगालने पर संदिग्ध किस्म के युवको का फुटेज मिला। फुटेज को मुखबिरों द्वारा हुलिया का शिनाख्त करने पर राजीव नगर खुर्सीपार निवासी संदेही लुकेश यादव उर्फ बाली को घेराबंदी कर पकड़ा गया। आरोपी से पूछताछ करने पर अपने साथी गौतम नगर खुर्सीपार निवासी उस्मान अली, राजीव नगर के. तरूण, रवि चौधरी के साथ मिलकर कंपनी में चोरी करना स्वीकार किया।

## इंडिया चेप्टर भिलाई का निर्माण में विनिर्देश पर व्याख्यान

# सड़क निर्माण में स्थानीय परिस्थितियों का रखें ध्यान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



द इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स (इंडिया) की भिलाई स्थानीय केंद्र द्वारा सड़क निर्माण में विनिर्देश विषय पर तकनीकी व्याख्यान का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि दीपक कुमार शर्मा पूर्व अपर महानिदेशक सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय दिल्ली और विशिष्ट अतिथि डीके प्रधान, पूर्व प्रमुख अभियंता, छग शासन, रायपुर थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता द इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स (इंडिया) की भिलाई केंद्र के चेयरमैन पुनीत चौबे ने की ।

श्री शर्मा ने अपने प्रस्तुतिकरण में कहा कि सड़क निर्माण में विनिर्देशों और मानको के पालन पर जोर देते हुए कहा कि वर्तमान में सड़क कि योजना बनाने और निर्माण करने में विनिर्देश (मोर्त ) के पांचवे संस्करण का पालन किया जा रहा है। मानकों के पालन नहीं किये जाने से दुर्घटनाओं में वृद्धि होती है तथा ख़राब सवारी गुणवत्ता की वजह से वाहनों के रखरखाव खर्च में भी बढ़ोतरी होती है। श्री शर्मा ने कहा कि जब वाहन पुल के एप्रोच और मध्य के जोड़ में पहुंचता है तो उसे झटका लगता है। श्री शर्मा ने कहा कि किसी भी सड़क निर्माण की योजना बनाते समय स्थानीय इलाके की परिस्थिति का ध्यान रखना बहुत आवश्यक है । डीके प्रधान, पूर्व प्रमुख अभियंता, छत्तीसगढ़ शासन, रायपुर ने अपने उद्बोधन में बताया कि भारत के सड़क निर्माण के विनिर्देश अनेक मामलों में अमेरिका के सड़क सड़क निर्माण के विनिर्देश से बेहतर हैं। उन्होंने कहा कि चूँकि अमेरिका में सड़क निर्माण के विनिर्देशों का पालन अक्षरश होता है इस लिए उनकी सड़कें हमसे बेहतर हैं । श्री प्रधान ने कहा कि सड़क निर्माण में प्रयोग की जा रही सामग्री और निर्माण के दौरान उसकी जांच प्रयोगशाला में होते रहना चाहिए । ग्रामीण सड़कों के निर्माण में भी विनिर्देशों को मोर्त के अनुसार किये जाने की जरुरत है ।

### मानकों का पालन जरुरी

पुनीत चौबे ने कहा कि प्रति वर्ष दस लाख लोगों की मृत्यु सड़क दुर्घटनाओं में हो जाती है जो बहुत चिंताजनक है । सड़क निर्माण में लगे सभी घटकों को सड़क विनिर्देशों और मानकों का पालन अनिवार्य रूप से करना चाहिए । पूर्व में भिलाई चेप्टर के मानद सचिव बसंत साहू ने स्वागत भाषण दिया। कार्यक्रम में पीडब्ल्यूडी के कार्यपालन अभियंता प्रदीप गुप्ता सेल के पूर्व कार्यपालक निदेशक एसके शर्मा सहित पीके तिवारी, बीपी यादव सहित बीएसपी व सेल रिफेक्ट्रीट के अधिकारी और स्टूटेंडे उपस्थित थे।

# सायबर क्राइम और इंटरनेट बैंकिंग फ्रॉड का शिकार तो 1930 नंबर पर करें कॉल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

साइबर क्राइम, इंटरनेट बैंकिंग फ्राड और अन्य अपराधिक प्रकरण जागरूकता के लिए भारतीय बौद्ध महासभा द्वारा कार्यशाला का आयोजन किया गया। बाबा साहेब डॉ. आंबेडकर सांस्कृतिक भवन सेक्टर 6 में यह सेमीनार हुआ।

कार्यक्रम में एसएसपी विजय अग्रवाल, पुलिस अधिकारी डॉ. संकल्प राय प्रमुख रूप से मौजूद थे। अध्यक्षता सविता मेश्राम ने की। आभार प्रदर्शन उपाध्यक्ष विनोद वासनीक ने किया।

संचालन महासचिव रामराव ढोक ने किया। इस अवसर पर साइबर एक्सपर्ट ने साइबर क्राइम की घटनाओं से जुड़ी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि किसी भी प्रकार का अननोन कॉल आता है, उसे सोच समझकर अटेंड करें। जबाब भी सोच समझकर दें। किसी को भी अपना पासवर्ड, ओटीपी या अन्य जानकारी अपने संबंध में सांझा न करें। ऐसी कोई घटना होती है तो तुरंत सायबर क्राइम नम्बर 1930 को सूचित करें। इस अवसर पर डॉ. आंबेडकर शिक्षा मित्र सोसाइटी, तथागत समाज कल्याण समिति, तथागत म्यूजियम ग्रुप, तथागत महिला समिति प्रतिनिधियों के अलावा कृष्णा बंसोडकर, अशोक शामकुवर, प्रितेश पाटील, रंजू खोब्रागडे, बुद्ध प्रकाश मेश्राम, जेबी पाटील, वसंत नंदेश्वर, भागवत बागडे, रविन्द्र गाडगे, अनिल साखरे, धनंजय मेश्राम, आनंद चव्हाण, सुरेश श्यामकुंवर सहित अन्य मौजूद थे।

**खबर संक्षेप**

## राशनकार्डधारियों को 30 जून तक ई-केवायसी कराना अनिवार्य

**बेमेतरा।** भारत सरकार खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग के निर्देशानुसार "एक राष्ट्र, एक राशनकार्ड योजना के तहत समस्त राशनकार्ड धारियों के लिए ई-केवायसी कराना अनिवार्य किया गया है। जिला खाद्य अधिकारी ने बताया कि बेमेतरा जिले में राशन कार्ड संख्या 2,86,490 पूर्ण है। उन्होंने संबंधित राशन कार्ड धारियों से अपील की है कि 30 जून से पहले ई-केवायसी करालें। छत्तीसगढ़ राज्य में वर्तमान में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत 81.56 लाख राशनकार्ड सक्रिय हैं, जिनमें कुल 2.73 करोड़ सदस्य पंजीकृत हैं। इनमें से अब तक 2.35 करोड़ सदस्यों का ई-केवायसी सफलतापूर्वक पूर्ण कर लिया गया है, जबकि लगभग 38 लाख सदस्यों का ई-केवायसी अब भी शेष है। भारत सरकार द्वारा 5 वर्ष से कम आयु के बच्चों को ई-केवायसी से छूट दी गई है। शेष सभी सदस्यों को ई-केवायसी कराना अनिवार्य है। यह प्रक्रिया सभी उचित मूल्य दुकानों में उपलब्ध ई-पॉस मशीनों के माध्यम से की जा सकती है। इसके अतिरिक्त "मेरा ई-केवायसी" नामक मोबाइल एप्प के माध्यम से भी हितग्राही स्वयं अपना ई-केवायसी कर सकते हैं। इसके लिए हितग्राही को अपने एंड्रॉइड मोबाइल में गूगल प्ले स्टोर से उक्त एप्प डाउनलोड कर, राज्य का चयन कर, आधार नंबर एवं ओटीपी के माध्यम से फेस ई-केवायसी करना होगा।सभी अपात्रता, असुविधा एवं खाद्यान्न वितरण में बाधा से बचने के लिए शेष सभी लाभार्थियों से 30 जून 2025 तक अपना ई-केवायसी अनिवार्य रूप से पूर्ण कराने की अपील की गई है। जिला प्रशासन ने आमजन से अनुरोध किया है कि वे समय-सीमा में इस प्रक्रिया को पूर्ण कर योजना का लाभ सतत प्राप्त करें।

## ग्रीन वैली में रेड्डी अन्ना एप से सट्टा का संचालन करने वाला धरा गया

**भिलाई।** ऑन लाइन सट्टा रेड्डी अन्ना एप का संचालन करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ स्मृति नगर पुलिस ने कार्रवाई किया है। मुखबिर की सूचना पर चौहान ग्रीन वेली में दबिश दी गई। जहां से संतराबाड़ी दुर्ग निवासी जितेन्द्र कुमार शर्मा को पकड़ा गया है। उसके पास से पुलिस ने विभिन्न कंपनियों का 12 एटीएम कार्ड, 3 पास बुक ,2 चेक बुक, तीन सिम, दो मोबाईल बरामद किया है। आरोपी के मोबाइल से वाटसअप ग्रुप में आनलाईन गेमिंग सटटा एप में 30 बैंक खातों का उपयोग आनलाईन सटटा रेड्डी अन्ना एप के लिए किया जाना पाया गया। बैंक खातों को होल्ड भी कराया गया है।

**निधन**

### पंचवती यादव

**साजा।** पंचवती यादव उम्र 70 वर्ष निवासी वार्ड नंबर 8 का स्वर्गवास हो गया।



वे भाजपा नेता व पूर्व एल्डरमैन संतोष लारा यादव व नगर पंचायत कर्मचारी राजेश यादव की माताजी थी। उनका अंतिम संस्कार बुधवार को स्थानीय मुक्तिधाम में किया जाएगा।

## आयोजन : संकुल समन्वयक ने विद्यार्थियों को बताया प्रवेशोत्सव का महत्व

# नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं का मिठाई खिलाकर किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा




शासकीय प्राथमिक शाला एवं पूर्व माध्यमिक शाला बलौदीकला में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। नवप्रवेशी छात्र छात्राओं को तिलक लगाकर मिठाई खिलाकर सभी का स्वागत किया गया। शाला प्रवेश उत्सव क्यों जरूरी है? इस पर प्रकाश डालते हुए संकुल समन्वयक बारगाँव सुरेन्द्र पटेल ने कहा कि आज के दिन बच्चों का स्कूल में पहला दिन होता है मन में कई तरह की डर भय और भ्रांति रहती है जो कम की होती है पालक शिक्षक और बच्चे जब एक साथ बैठकर प्रवेश के दिन खुशियां मनाते हैं तो उनके मन में यह दूर हो जाता है।

सुरेंद्र पटेल संकुल समन्वयक के द्वारा प्रवेश उत्सव, पालक बैठक का उद्देश्य बताया गया। सरपंच प्रतिनिधि द्वारा मोबाइल के सदुपयोग पर चर्चा किया गया। राजेश कुमार यादव प्रधानपाठक के द्वारा द्वारा प्राणायाम का महत्व बताते हुए सभी को प्राणायाम करने के लिए प्रेरित करते हुए अंतराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर शाला प्रांगण में योग करने के लिए आमंत्रित किया गया। नवप्रवेशी छात्र छात्राओं को सरपंच द्वारा पेन पेंसिल के साथ ही शासन से प्राप्त गणवेश वितरण किया गया। कार्यक्रम के अंत में अशोक पेड़ लगाकर उसे सुरक्षित कर सभी से अनुरोध किया गया कि इस वर्ष सभी एक एक पेड़ लगाकर उसे सुरक्षित रखेंगे। कार्यक्रम का संचालन नकुल डांडेकर द्वारा किया गया।

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर सरपंच चंपा चौहान, सरपंच प्रतिनिधि खुवेंद्र चौहान, नीलम निषाद पंच, प्रेमीन निषाद पंच, सरस्वती पटेल पंच, पंचू पटेल पंच, कोमल साहू अध्यक्ष, उपाध्यक्ष डूगेशवर साहू, रेणुका मिश्रा उपाध्यक्ष, धर्मेन्द्र सेन, कोमल निषाद, नंदकुमार यादव, रेखा, त्रिवेणी साहू, गंगा, बीना साहू, प्रतिमा साहू, बुद्धा, राधिका साहू, पार्वती यादव, चंपा, अनुसुइया, चितरेखा, नीरा साहू, महू वर्मा, सावित्री साहू, गंगाधर पटेल, बल्लू साहू, पंचराम निषाद, पंचराम साहू, वेदराम पटेल, कन्हैया लाल, जगेशर, हीरामन चक्रधारी, हेमलाल साहू, संतराम साहू ईश्वर वर्मा, भागीरथी उर्वशा, कृष्ण कुमार शिवारे, सुनील कुमार साहू, गजानंद वर्मा उपस्थित रहे।

### डीह पारा बासीन में मनाया गया प्रवेशोत्सव

**बेमेतरा।** शासकीय प्राथमिक शाला डीहपारा बासीन विकासखंड साजा में बाल देवो भवःको चरितार्थ करते हुए शाला परिवार ने शाला प्रवेश उत्सव मनाया। मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर नव प्रवेशी बच्चों की आरती कर गुलाल लगा कर स्वागत कर मुँह मीठा कराया गया। सभी नव प्रवेशी बच्चो को पाहडा पेंसिल कटर रबर सरपंच गुलमीर मोहम्मद द्वारा दिया गया। संस्था प्रमुख प्रधान पाठक गोपी चरण साहू ने कहा कि जब नन्हें बच्चे पहली बार शाला आते है तो उनके परिवार की शाला से बहुत सी उम्मीदें जुड़ी रहती हैं। विद्यालय रुपी बगिया के ये नन्हें फुल है जिसे हम शिक्षा ज्ञान से सींचते है। इसलिए आप सभी अपने बच्चों को नियमित शाला भेजें। सभी बच्चों को निःशुल्क गणवेश पेन वितरण किया गया।

**ये रहे उपस्थितः** उक्त कार्यक्रम में शाला के शिक्षिका सीमा रानी देवांगन, राजू मोहम्मद किशन शाला विकास समिति से रुबीना बी अध्यक्ष हृदय निषाद, नारायण निषाद, सीता बाई, जीना रानी, ललिता ठाकुर, जमुना ठाकुर तीरीथ बाई, तिजन बाई, गिरिजा वर्मा सहित सफाईकर्मी पुन्नी लाल ठाकुर आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम मे विशेष अतिथि के रूप में महेंद्र सिंह राजपूत सेवानिवृत्त प्रधान पाठक, माखन लाल वर्मा संकुल समन्वयक मोहगांव उपस्थित रहे। इस अवसर पर न्योता भोजन में बच्चों को खीर पुडी चांवल दाल सब्जी दिया।



### शिक्षा ही सशक्त समाज की नींव : कल्पना योगेश तिवारी




**बेमेतरा।** शासकीय हाई स्कूल हरदी में मंगलवार को शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया, जिसमें नन्हे-मुन्ने बच्चों का तिलक, पुष्प और मिठाई से पारंपरिक स्वागत कर विद्यालय परिवार ने उन्हें पढ़ाई की नई राह पर प्रेरित किया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना योगेश तिवारी ने मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होकर बच्चों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। श्रीमती तिवारी ने कहा कि शिक्षा केवल ज्ञान नहीं, आत्मबल और आत्मनिर्भरता की नींव है। गाँव का हर बच्चा स्कूल पहुँचे, यही हमारी परंपरा और प्राथमिकता होनी चाहिए। बेटा-बेटी जब किताबों के पन्ने पलटते हैं, तो समृद्ध भारत का सपना साकार होता है। उन्होंने पालकों और शिक्षकों से अपील की कि बच्चों की शिक्षा में घर और स्कूल का सामूहिक योगदान जरूरी है। उन्होंने यह भी कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा की अलख जगाने ऐसे आयोजनों की अहम भूमिका होती है।

**ये रहे उपस्थितः** कार्यक्रम में शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष उभय पाल, सांसद प्रतिनिधि राजेश पाल, सरपंच सपना सुनील देशलहरे, प्रवीण परगनिहा, भुलु राम वर्मा, पुनीत राम जांगड़े सहित समस्त पंचगण, पालकगण और बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

### साजा में हर्षोल्लास से मनाया गया प्रवेश



**साजा।** सरस्वती शिशु मंदिर साजा में आज 16 जून को सत्र 2025-26का प्रवेश उत्सव मनाया गया। सर्व प्रथम नवीन प्रवेश भैया बहनों के द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर दीप वंदना के साथ पत्र पुष्प अर्पित किया गया। तत्पश्चात मेघा सिन्हा द्वारा मां सरस्वती की वंदना एवम शांति पाठ कराया गया। विद्यालय के व्यवस्थापक कमल किशोर राठी एवं प्रधानाचार्य गुनी राम साहू के द्वारा उपस्थित भैया बहनों को पुस्तक वितरित किया गया। साथ ही भैया बहनों को मंगल तिलक लगाकर मिष्ठान्न वितरित किया गया। पूरे कार्यक्रम में सभी दीदियों का विशेष सहयोग रहा।

## स्कूल में सामुदायिक सहयोग से सुरक्षा और सुंदरता को मिला नया आयाम

**बेमेतरा।** शाला प्रवेश उत्सव के उपलक्ष में 16 जून के पहले ही शासकीय प्राथमिक शाला अकोला विकासखंड साजा में किशन एल्युमीनियम स्टील वर्क गौरव पथ रोड नयापारा बेमेतरा के द्वारा दान स्वरूप शाला के सभी बाहरी दरवाजा के रैम्प में स्टील के रेलिंग लगाए।

शाला की प्रधान पाठिका हिम कल्याणी सिन्हा बताती है कि रेलिंग लगने से छोटे बच्चों को सुरक्षा मिलेगी। बच्चें चलते हुए अक्सर रैम्प में फिसल जाते थे जिससे चोट लगने की संभावना रहती थी। रेलिंग की सहायता से बच्चें अच्छे से चल पाएंगे। वही रेलिंग लगने से शाला की सुंदरता भी बढ़ गयी।



**समुदाय से स्कूल को मिला सहयोग : प्रधान पाठिका :** शाला की प्रधान पाठिका हिम कल्याणी सिन्हा कहती है की समुदाय से स्कूल को अच्छा सहयोग मिल रहा है। उपसरपंच जितेंद्र वर्मा के द्वारा स्कूल में किचन गार्डन बनाने हेतू एक ट्रेक्टर मिट्टी प्रदान किए है। वही शाला में रैम्प निर्माण हेतू श्रवण कुमार साहू एवं टहल साहू सहयोग किए है। इससे पहले लिनेश क्लब प्रेरणा के द्वारा शाला के बच्चों को 25 नग स्वेटर प्रदान किए थे। जिसके लिए प्रधान पाठिका हिम कल्याणी सिन्हा, शिक्षिका हेमलता ठाकुर, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष रोमन सिंह ठाकुर, उपाध्यक्ष, जगाधर साहू, रामकुमार ध्रुव, मीना यादव, पंचराम निषाद, मुन्नी यादव, पुष्पा साहू, प्रतिमा निषाद एवं पालक गण बड़ी संख्या में दानदाताओं को धन्यवाद दिया।

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की व्यापक तैयारी शुरू थ्री जनरेशन परिवारों को मिलेंगे ईनाम





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

आगामी 21 जून को ग्यारहवां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस धूमधाम से मनाया जाएगा। इस वर्ष का थीम "योगा संगम" एवं "हरित योग" है, जिसके अंतर्गत योग को पर्यावरण से जोड़ते हुए जनसामान्य के जीवन में लाने का प्रयास किया जा रहा है। योग दिवस के जिला स्तरीय मुख्य आयोजन का स्थल कंतेली स्टेडियम, बेमेतरा निर्धारित किया गया है। 15 जून से 21 जून तक जिलेभर में योग सप्ताह मनाया जा रहा है, जिसमें जिला, विकासखंड, नगरीय निकाय व पंचायत स्तर पर योग सत्रों का आयोजन किया जा रहा है। इन गतिविधियों को पोर्टल पर अपलोड किया जाना अनिवार्य है। कलेक्टर रणबीर शर्मा ने योगा दिवस की तैयारियों की समीक्षा बैठक में बताया कि योग कार्यक्रम में भाग लेने वाले थ्री जनरेशन (तीन पीढ़ी) या सपरिवार योग करने वाले परिवारों को जिला प्रशासन की ओर से आकर्षक पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। उन्होंने जिलेवासियों से अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में शामिल होने का आह्वान किया। कलेक्टर ने कहा कि योग केवल एक शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि मानसिक शांति, सकारात्मक सोच और रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने का माध्यम है। नियमित योग से जीवन में संतुलन, अनुशासन और ऊर्जा बनी रहती है। उन्होंने सभी जनपद पंचायत, नगर पालिकाओं एवं ग्राम पंचायतों को योग प्रतिभागियों का पंजीयन सुनिश्चित करने तथा योग सत्रों की फोटो योग पोर्टल पर अपलोड करने के निर्देश दिए हैं।योग दिवस का यह आयोजन न केवल स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाएगा, बल्कि परिवारों को एक साथ मिलकर स्वस्थ जीवन की दिशा में प्रेरित करेगा।

■ 21 जून तक जिलेभर में योग सप्ताह मनाया जा रहा

## पर्यावरण संरक्षण में उत्कृष्ट कार्य के लिए बेमेतरा संगठन को दो मंचों पर मिला सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

पर्यावरण के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने के लिए रायपुर राजधानी में दो अलग अलग मंचों में जिले के पर्यावरण प्रेमी संगठन को सम्मानित किया गया। मेट्स यूनिवर्सिटी के द्वारा आ यो जि त कार्यक्रम में पद्मश्री फुलवासन बाई ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। पद्मश्री फुलवासन बाई के हाथों संगठन के अध्यक्ष कृष्ण कुमार साहू और गणेश कुमार साहू ने सम्मान पत्र ग्रहण किया। यूनिवर्सिटी के द्वारा प्रदेश के श्रेष्ठ स्वयं सेवी संस्थाओं के लिए कार्यशाला का आयोजिन किया गया था । इसके अलावा इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय और उद्यानिकी विभाग ने राष्ट्रीय आम महोत्सव 2025 का आयोजन किया गया था। आयोजन से जुड़े हुए मोहन वल्यानी ने भी सम्मान पत्र देकर सम्मानित किए ।

■ राजधानी रायपुर में पद्मश्री फुलवासन बाई सहित विभिन्न मंचों से मिला प्रशंसा-पत्र, जिले में खुशी की लहर

### इन्होंने जाहिर की प्रसन्नता

संगठन को सम्मान मिलने पर गणेश सेठ ,खोमन चंद्राकर, प्रकाश ,अक्षय डिकेन्द्र, लक्ष्मीनारायण, केदार साहू, रामकृष्ण सेन, चम्मन निषाद, सुंदरलाल साहू ,बसंत भारद्वाज सरपंच, जनपद सदस्य विजय रात्रे, छोटू साहू, राजेंद्र निषाद, ओमप्रकाश पंच, राजेश पंच, परदेसी, नारायण, भूपेंद्र , किशन , जलेश, हेमा साहू ,ताम्रध्वज देशमुख आर्मी स्पोर्ट क्लब बेमेतरा, रामनाथ ,नरेश , लव कुमार निषाद,राजा भैया राकां, धनेश, ईश्वरी साहू ने प्रसन्नता जाहिर की है।

## झालम में लगाया गया जनभागीदारी सैचुरेशन कैम्प



**बेमेतरा।** धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के अंतर्गत जिले के आदिवासी बहुल ग्राम झालम में 16 एवं 17 जून को जनभागीदारी सैचुरेशन कैम्प का आयोजन किया गया। इस विशेष अभियान का उद्देश्य आदिवासी क्षेत्रों में निवासरत अंतिम व्यक्ति तक शासकीय योजनाओं का लाभ सुनिश्चित करना है। दो दिवसीय शिविर के दौरान विभिन्न विभागों द्वारा सेवा प्रदाय किया गया, जिसमें ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

शिविर में संपादित किए गए कार्यों मे आयुष्मान भारत के 27 कार्ड बनाए गए, जिससे पात्र परिवारों को निःशुल्क स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ मिलेगा। आधार कार्ड (नवीन एवं अद्यतन) 65 व्यक्तियों का पंजीयन / अपडेट किया गया। राशन कार्ड हेतु आवेदन 12 पात्र हितग्राहियों से आवेदन प्राप्त हुए। श्रम कार्ड हेतु आवेदन 18 श्रमिकों ने पंजीकरण हेतु आवेदन किया। जाति प्रमाण पत्र हेतु आवेदन 5 आवेदन जमा हुए। निवास प्रमाण पत्र हेतु आवेदन 6 लोगों ने निवास प्रमाण पत्र हेतु आवेदन प्रस्तुत किया। यह अभियान शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को घर-घर तक पहुँचाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। कैम्प में ग्रामीणों को योजनाओं की जानकारी भी दी गई और उन्हें आवश्यक दस्तावेजों के साथ आवेदन करने में मार्गदर्शन प्रदान किया गया। धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत ऐसे कैम्पों का आयोजन निरंतर किया जा रहा है, जिससे यह सुनिश्चित किया जा सके कि कोई भी पात्र व्यक्ति शासन की योजनाओं से वंचित न रहे। शिविर के सफल आयोजन में स्थानीय प्रशासन, जनप्रतिनिधियों, ग्राम पंचायत तथा विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की सक्रिय भूमिका रही।

## साप्ताहिक समीक्षा बैठक में विकास कार्यों को दी गति

# साप्ताहिक समय-सीमा बैठक में कलेक्टर ने दिए जरूरी निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

कलेक्टर रणबीर शर्मा ने कलेक्ट्रेट स्थित दिशा सभाकक्ष में साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में विभिन्न विभागों के कार्यों की समीक्षा की ओर आगामी कार्यक्रमों और योजनाओं को लेकर निर्देश दिए । बैठक के दौरान कलेक्टर ने ग्राम टेमरी में राज्यपाल के प्रस्तावित दौरे को देखते हुए समय रहते सभी तैयारियां पूर्ण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। स्थानांतरण नीति के तहत प्राप्त आवेदनों की गहन समीक्षा कर आवश्यक कार्यवाही करने को कहा गया।

श्री शर्मा ने 21 जून को आयोजित होने वाले अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के सफल आयोजन हेतु उप संचालक समाज कल्याण और मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत को समस्त आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने को कहा।



**गुणवत्ता पूर्ण निर्माण कार्यों पर जोरः** कलेक्टर ने निर्माण एजेंसियों को निर्देशित किया कि वे जिला खनिज निधि (डीएमएफ) के तहत निर्धारित दरों और गुणवत्ता के अनुसार निर्माण कार्य करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

**वय वंदन योजना एवं स्वामित्व योजना की समीक्षा :** श्री शर्मा ने वय वंदन योजना की प्रगति की जानकारी लेते हुए निर्देश दिए कि 70 वर्ष से अधिक आयु के सभी वरिष्ठ नागरिकों को वय वंदन कार्ड उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाए। स्वामित्व योजना की धीमी प्रगति पर चिंता व्यक्त करते हुए उन्होंने सभी एसडीएम और तहसीलदारों को निर्देशित किया कि वे स्वामित्व चार्ट तैयार कर तय समय-सीमा में कार्य पूर्ण करें। उन्होंने कहा कि स्वामित्व कार्ड केवल दस्तावेज नहीं, बल्कि आत्मनिर्भरता और अधिकारों का प्रमाण है।

**लंबित विद्युत बिलों के शीघ्र भुगतान के निर्देश :** बैठक में शासकीय कार्यालयों के लंबित विद्युत बिलों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे विद्युत विभाग से समन्वय बनाकर शीघ्र भुगतान सुनिश्चित करें। कृषि, शिक्षा एवं छात्र हित से जुड़ी योजनाओं पर चर्चाश्री शर्मा ने किसानों को खाद-बीज की उपलब्धता, छात्र-छात्राओं को गणवेश एवं पाठ्यपुस्तकों के समय पर वितरण, तथा सरस्वती सायकल योजना के अंतर्गत पात्र बालिकाओं को शीघ्र सायकल वितरण के निर्देश शिक्षा विभाग को दिए।

### मुख्यमंत्री ने की घोषणा प्रगति की समीक्षा

उन्होंने मुख्यमंत्री द्वारा की गई घोषणाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए कहा कि सभी विभाग पूरी तत्परता से कार्य करें एवं घोषणाओं को शीघ्र अमल में लाया जाए। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत टेकचंद्र अग्रवाल, अपर कलेक्टर अनिल बाजपेयी, जिले के सभी एसडीएम एवं विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे।

### अपेक्षाओं पर खरा उतरना हम सबकी ज़िम्मेदारी

जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरना हम सबकी जिम्मेदारी है। सभी अधिकारी जनहित के कार्यों को समर्पित भाव से करें, ताकि जिले का चहुंमुखी विकास सुनिश्चित हो सके। **रणबीर शर्मा,**

